श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड़–249199

Sri Dev Suman Uttarakhand University

Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

Website-http://www.sdsuv.ac.in

Ref. No.: 1178 /SDSUV/SAMARTH/2025 **Dated: 21 /02/2025**

सेवा में,

प्राचार्य / निदेशक

समस्त संबंद्ध महाविद्यालय / संस्थान

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

विषयः छात्रों की एबीसी / अपार आईडी के विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार व यूजीसी के आदेशानुसार सत्र 2022 से आतिथि तक के समस्त छात्रों का परीक्षाफल डिजीलॉकर / नैड पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है तथा जिस हेतु समस्त छात्रों की एबीसी / अपार आईडी अनिवार्यतः बनी होनी चाहिए किन्तु आतिथि तक भी अधिकांश छात्रों द्वारा डिजीलॉकर / नैड के माध्यम से एबीसी / अपार आईडी नहीं बनी है। जिस कारण से उक्त छात्रों का परीक्षाफल नैड पर अपलोड किया जाना संभव नहीं है। विश्वविद्यालय द्वारा लगातार मौखिक व पत्र के माध्यम से पूर्व में भी एबीसी / अपार आईडी के सम्बन्ध में अवगत करवाया गया था। **नैड द्वारा सत्र 2023 व 2024 के छात्रों का परीक्षाफल नैड पर अपलोड किये जाने कि अंतिम तिथि माह मई 2025 तक निर्धारित की गयी है।**

उपरोक्त के क्रम में पुनः समस्त प्राचार्यों / निदेशको से अनुरोध है कि जिन छात्रों की एबीसी / अपार आईडी आतिथि तक नहीं बनी है, कृपया उन छात्रों की एबीसी / अपार आईडी दिनांक 28.02.2025 तक बनवाकर समर्थ पोर्टल पर लिंक करवाना सुनिश्चित करें। सत्र 2024–25 की प्रथम व तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्रों की एबीसी / अपार आईडी का विवरण महाविद्यालयों / संस्थानों व पाठ्यक्रम के अनुसार विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि तक यदि किसी छात्र की एबीसी / अपार आईडी न होने से नैड पर परीक्षाफल अपलोड नहीं होता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बधित महाविद्यालय / संस्थान / छात्र की होगी।

डॉ0 (बी0एल0आर्य)

नोडल, समर्थ

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव।
3. राज्य नोडल समर्थ, देहरादून।
4. राज्य कॉर्डिनेटर, नैड / एबीसी।
5. कार्यालय प्रति।

डॉ0 (बी0एल0आर्य)

नोडल, समर्थ